# ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लाइफ लाइन बन रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर

❒ प्रदेश सरकार का इसमें पारदर्शिता को बढ़ाने पर फोकस है जिसके अच्छे नतीजे मिले हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश में आम आदमी तक स्वास्थ्य सेवाओं का नेटवर्क मजबूत करने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर वरदान साबित हो रहे हैं । प्रदेश की योगी सरकार इन्हे नव स्वरूप देते हुए प्राथमिक सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने का इसे बड़ा माध्यम बना रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष तौर पर इनकी उपयोगिता सामने आई है। प्रदेश सरकार का इसमें पारदर्शिता को बढ़ाने पर फोकस है जिसके अच्छे नतीजे मिले हैं।




## स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करेगा ओडीके ऐप

आयुष्मान आरोग्य मंदिर उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की लाइफ लाइन बन रहे हैं। गांव की जनता को निकट ही मिल रही बीमारियों के ऑनलाइन परामर्श और जांच सेवाओं ने इसकी उपयोगिता का साबित किया है । उत्तर प्रदेश सरकार अब इन आरोग्य आयुष्मान मंदिरों की प्रतिदिन एकत्र हो रहे रियल टाइम डाटा को एकत्र कर स्वास्थ्य प्रणाली को डिजिटल और मजबूत बनाने के लिए ओडीके ऐप का प्रयोग करने जा रही है । प्रयागराज के अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ राकेश शर्मा का कहना है कि मंडल के सभी आरोग्य आयुष्मान मंदिरों को इससे जोड़ा जा रहा है। इससे हर मरीज की जांच का रियल-टाइम डेटा मिल सकेगा । इससे मरीज की मॉनिटरिंग होगी और राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग की नीति बनाने में मदद मिलेगी।

## टारगेटेड हेल्थ केयर प्लानिंग में मिलेगी मदद, जुड़ेंगे मंडल के 1114 आरोग्य आयुष्मान मंदिर

यह पहल कई तरह से उपयोगी और गेम चेंजर साबित होने जा रही है। एनआरएचएम के मंडलीय परियोजना प्रबंधक डॉ हरित सक्सेना बताते हैं कि इससे सरकार को ग्राउंड रियलिटी का लाइव डाटा उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की समस्या का भी इस ऐप में निदान हो जाएगा। माध्यम डिजिटल होने से पारदर्शिता आएगी। किस क्षेत्र में कौन सी बीमारी अधिक है और दवाओं और स्टाफ की कितनी जरूरत है यह जानकारी भी त्वरित रूप में मिल सकेगी। प्रयागराज मंडल में ग्रामीण क्षेत्र में इस समय 1114 आरोग्य आयुष्मान मंदिर सक्रिय हैं जिन्हें इनसे ओडीके से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें प्रयागराज जनपद के 521,प्रतापगढ़ के 228, फतेहपुर के 229 और कौशाम्बी जिले के 136 आरोग्य आयुष्मान मंदिर शामिल हैं।

# 2025-26 में उत्तर मध्य रेलवे का दमदार प्रदर्शन, संरक्षा व सेवा में नई ऊंचाइयां

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि यह वर्ष संरक्षा, सेवा और संचालन के क्षेत्र में अत्यंत सुदृढ़ रहा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों, नवाचार और बेहतर समन्वय के माध्यम से रेलवे को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और यात्री-केंद्रित बनाने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।



वर्ष 2025-26 में उत्तर मध्य रेलवे ने अब तक का सर्वाधिक 20.97 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग लोडिंग दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। इससे माल यातायात में ?2276 करोड़ की आय प्राप्त हुई। वहीं कुल ओरिजिनेटिंग आय ?6001.60 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष से 4 प्रतिशत अधिक है।यात्री सेवाओं में सुधार करते हुए मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता 79.1 प्रतिशत दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.3 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही 42 नई ट्रेन सेवाएं शुरू की गईं, 46 ट्रेनों को नए ठहराव दिए गए, 12 ट्रेनों का विस्तार किया गया और 2 ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाई गई। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 470 ट्रेनों की 3140 ट्रिप्स ल्लट्रेन ऑन डिमांडङ्क के रूप में चलाई गईं, जबकि माघ मेला 2026 के दौरान 804 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया।संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 270 किमी पर ल्लकवचङ्क प्रणाली लागू की गई तथा 520 रूट किलोमीटर पर लोको ट्रायल संपन्न किए गए। इसके अलावा 52.35 किमी दोहरीकरण, 55.266 किमी तीसरी लाइन निर्माण और 27 किमी गेज परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया। 223 किमी ऑटोमैटिक सिग्नलिंग और 16 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से संचालन को और सुरक्षित बनाया गया। रोड सेफ्टी के तहत 22 लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉक और 23 क्रॉसिंग बंद की गईं।झांसी स्थित वैगन वर्कशॉप ने 8350 वैगनों का रिकॉर्ड आउटटर्न कर भारतीय रेल में सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया। वहीं रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झांसी ने पहली बार 2 वंदे भारत रेकों का अनुरक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। पर्यावरण संरक्षण के तहत मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण और 9.05 मेगावाट रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर कुल सौर क्षमता 21.75 मेगावाट तक पहुंचाई गई।इसके अतिरिक्त स्क्रैप बिक्री से ?316.87 करोड़ की आय प्राप्त हुई, जो लक्ष्य से 15.23 प्रतिशत अधिक है। भर्ती प्रक्रियाओं में कंप्यूटर आधारित केंद्रीकृत प्रणाली (एउड्ढ) लागू कर पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की गई है।उत्तर मध्य रेलवे ने स्पष्ट किया कि वह उत्कृष्टता, संरक्षा और आधुनिक सुविधाओं के साथ भविष्य में भी यात्री-केंद्रित सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार अग्रसर रहेगा।

### 6 से 15 अप्रैल तक चलेगा फार्मर आईडी विशेष अभियान, ग्राम पंचायतों में लगेंगे कैंप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य सचिव के निर्देश पर 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जनपद में फार्मर आईडी विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित कर ऐसे सभी छूटे हुए कृषकों को फार्मर आईडी से जोड़ा जाएगा, ताकि उनका संतृप्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके।अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग, कृषि विभाग, ग्राम विकास, पंचायत राज, उद्यान तथा आपूर्ति विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण किया जाएगा और उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा।जनपद स्तर के अधिकारी इस अभियान की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे, वहीं कंट्रोल रूम के माध्यम से भी कर्मचारियों की प्रगति पर नजर रखी जाएगी। उपनिदेशक कृषि ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा अभियान के सफल संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।फार्मर आईडी बनने से किसानों को खाद, बीज, केसीसी तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा, जिससे कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और सुविधा सदृढ़ हो सके।

### करछना में भीषण सड़क हादसा, साइकिल सवार की मौत के बाद चक्का जाम

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । करछना थाना क्षेत्र के कौवा गांव में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और लोगों को समझाकर जाम खुलवाने की कोशिश की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पानी संकट पर सख्ती, लापरवाह एडीओ पंचायत तलब

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** में जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी ने शंकरगढ़ ब्लॉक के एक लापरवाह एडीओ पंचायत को तलब किया है। ग्राम सभा पहाड़ी कला में पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई। डीपीआरओ ने संबंधित अधिकारी को मंगलवार सुबह 10 बजे विकास भवन में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मामले में अब विभागीय स्तर पर सख्ती दिखाई जा रही है और लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### प्रयागराज मेट्रो परियोजना का विस्तार, 60 किमी नेटवर्क का प्रस्ताव

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जिले में प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को बड़ा विस्तार दिया गया है। अब यह योजना 44 किमी से बढ़ाकर लगभग 60 किमी की कर दी गई है। संशोधित प्रस्ताव के तहत हवाई अड्डा और त्रिवेणी संगम जैसे प्रमुख स्थलों को भी नेटवर्क में शामिल किया गया है। पहले मेट्रोलाइट के रूप में प्रस्तावित परियोजना को अब पूर्ण मेट्रो सिस्टम में बदला जा रहा है। कुल 45 स्टेशन प्रस्तावित हैं और परियोजना लागत 12,000 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। दो प्रमुख कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। राज्य सरकार से मंजूरी के बाद अगस्त से कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### सिविल लाइंस में कार पलटी, सवार फरार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में मैक्स शोरूम के सामने एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गई। हादसे के बाद कार में सवार दो लोग मौके से फरार हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मिलकर गाड़ी को सीधा कर सड़क किनारे कर दिया, जिससे यातायात बहाल हो सका। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है और फरार सवारों की तलाश की जा रही है।

### प्रयागराज-बरेली में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों के लिए 200 करोड़ का प्रावधान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार ने इस बार के बजट में प्रयागराज और बरेली में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां स्थापित करने के लिए ?200 करोड़ का प्रावधान किया है। इस पहल का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। खास बात यह है कि इन कंपनियों के माध्यम से महिला उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। सरकार का मानना है कि यह मॉडल रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### डीसीपी साउथ ने किया मोहनलालगंज कोतवाली का निरीक्षण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने सोमवार शाम मोहनलालगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पुलिसिंग में सुधार कर जनता को बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीसीपी आनंद ने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात और अभिलेखों के रखरखाव की बारीकी से जांच की। उन्होंने सीसीटीएनएस सिस्टम की कार्यप्रणाली का भी मूल्यांकन किया।डीसीपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं और रिकॉर्ड को अद्यतन किया जाए। इस अवसर पर एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय और इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

### भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने पूतना वध व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखरी पोस्ट कसेरुवा में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिव सिंह, सपत्नीक किरन सिंह, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों का व्याख्यान करते हुए बताया कि, गोकुल में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया भगवान जब सात दिन के थे तब उन्होंने पूतना का वध कर दिया। भगवान ने कंस द्वारा भेजे गए सभी राक्षसों का वध कर दिया। भगवान गोकुल में माखन चुराते हैं और वहां पर वीणु वादन लीला करते हैं भगवान गोकुल छोड़कर वृंदावन निवास करने लगते हैं। कथा व्यास ने श्री कृष्ण लीला एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों पर कथा कहते हुए पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बख़्श सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह, धीरेंद्र सिंह एवं समस्त मित्रगण सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

# बाराबंकी में सड़क सुरक्षा पर प्रेरणादायक व्याख्यान, प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददात





बाराबंकी। 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी में प्रशिक्षणरत नवआरक्षियों के लिए सड़क सुरक्षा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री सुमित मिश्रा सेफ्टी मैनेजर ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क लखनऊ ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।अपने व्याख्यान के दौरान श्री मिश्रा ने मोटर व्हीकल एक्ट शराब पीकर वाहन न चलाने के महत्व हेलमेट की अनिवार्यता रोड साइन एवं सिग्नल की जानकारी ऑनलाइन परिवहन सेवाओं तथा ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राइडिंग के दौरान सुरक्षा उपायों और जिम्मेदार वाहन संचालन पर भी जोर दिया।कार्यक्रम में उनके द्वारा साझा किए गए व्यावहारिक उदाहरणों और तकनीकी ज्ञान से प्रशिक्षुओं में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी। साथ ही सुरक्षित और अनुशासित चालक बनने के लिए प्रेरणा भी मिली। उनके उत्कृष्ट योगदान और प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी श्री राकेश कुमार सिंह (आईपीएस) द्वारा उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कोरांव कस्बे में अतिक्रमण से रोजाना जाम के हालात

❒ नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव कस्बे में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण मुख्य बाजार मार्ग पर आएदिन भीषण जाम लगता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने नालियों के बाहर 10 से 15 फीट तक टिन शेड लगाकर और अपनी दुकानें सड़क पर लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। इससे बाजार के मुख्य मार्ग की चौड़ाई काफी कम हो गई है। बाहर से आने वाले लोग अपने वाहन सड़क किनारे या पटरी पर ठीक से खड़ा नहीं कर पाते, क्योंकि दोनों पटरियों पर व्यापारियों का कब्जा है। इसी वजह से कई बार नो-पार्किंग के चालान भी काटे जाते हैं।कस्बे के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत, तहसील के जिम्मेदार अधिकारी, एसडीएम और पुलिस विभाग अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। महताब खान समेत कई अन्य निवासियों ने तहसील दिवस में इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन आज तक कोई टीम गठित कर अतिक्रमण नहीं हटवाया गया।वाहन खड़ा करने को लेकर दुकानदारों और वाहन मालिकों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते हैं, क्योंकि सुरक्षित पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। डग्गामार वाहन, बसें, डेलिया, चाट-फुल्की और फल विक्रेता तथा ऑटो जैसे तिपहिया वाहन भी सड़क पर खड़े होकर जाम की स्थिति पैदा करते हैं।कस्बे में बड़े वाहनों के लिए नो-एंट्री लागू नहीं है और कोई बाईपास मार्ग भी नहीं है, जिसके कारण सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहन बाजार से होकर गुजरते हैं। इससे आएदिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की जान भी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बाईपास मार्ग बनाने, दिन के समय बड़े वाहनों के लिए नो-एंट्री लागू करने और अतिक्रमण हटवाने के लिए एक टीम गठित करने की मांग की है।

# शिक्षा में सुधार की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

❒ अभिभावकों पर अनावश्यक बोझ कम करने, गएक्टड्ढ पुस्तकों की बाध्यता लागू करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद, लखनऊ । भारतीय किसान मजदूर जन सेवा यूनियन ने शिक्षा को अधिकार बनाते हुए अभिभावकों पर वित्तीय बोझ कम करने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी मलिहाबाद को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में यूनियन ने कहा कि सभी स्कूलों में केवल गएक्टड्ढ/ट्टएक्टड्ढ की स्वीकृत पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध होनी चाहिए और निजी किताबों की खरीद पर अभिभावकों पर दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। साथ ही पाठ्यक्रम में बार-बार बदलाव न करने और शैक्षणिक कैलेंडर स्थिर रखने की भी मांग की गई।यूनियन ने यह भी कहा कि हर सत्र प्रवेश-फ़ीस की अनियमित वसूली रोकी जाए, पहले ली गई अवैध फ़ीस लौटाई जाए और गतिविधि, परीक्षा या विकास कार्य के नाम पर नई अघोषित फ़ीसें न लगें। इसके अलावा, स्कूल ड्रेस और पुस्तकों की खरीद के लिए चयनित दुकानों की बाध्यता हटाई जाए और अभिभावकों को स्वतंत्रता दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह ज्ञापन शिक्षा विभाग में माफियागिरी रोकने और शिक्षा को अभिभावकों के लिए बोझ नहीं बल्कि अधिकार बनाने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि प्रशासन इसे शिक्षा मंत्री तक पहुँचाकर त्वरित कार्रवाई करेगा।

### भागवत कथा के छठवें दिन गोवर्धन लीला एवं महा रास की कथाओं को सुन भावुक हुए श्रोता

रायबरेली। अखरी पोस्ट कसेरुवा में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिव सिंह, सपत्नीक किरन सिंह, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने प्रमुख रूप से गोवर्धन लीला एवं महा रास जैसी कथाओं का व्याख्यान किया। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान ने अपने बाएं हाथ की उंगली पर गोवर्धन को धारण किया और वृंदावन वासियों की रक्षा किया। जब इंद्र ने यह देखा तो इंद्र ने आकर के भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगी और भगवान ने उनको क्षमा कर दिया। इसके पश्चात भगवान शरद पूर्णिमा के दिन महा रास करते हैं और अंत में भगवान ने कंस का वध किया। कथा व्यास द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोता भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बख़्श सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना अलीगंज पुलिस द्वारा आयोजित किया गया मिशन शक्ति 5.0 जागरूकता कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । महिला सशक्तिकरण को लेकर मुख्य मंत्री द्वारा आदेशित नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए मिशन 5.0 अभियान के तहत थाना अलीगंज क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नया हनुमान मंदिर चौकी क्षेत्र चांद गंज मे पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देश पर किया गया।कार्यक्रम मे महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा, उप निरीक्षक प्रगति सिंह, रविन्द्र् नाथ प्रजापति के साथ चौकी के अन्य पुलिस्कर्मि भी मौजूद रहे जिन्होंने महिलाओ के सशक्तिकरण को लेकर उनके अधिकारों के प्रति सरकार द्वारा चलाई रही योजनाओ को लोगो तक पहुँचाया साथ ही साइबर क्राइम जैसी घटनाओ से बचने के भी जानकारी दी इसके साथ ही सुरक्षा के लिए जारी टोल फ्री नंबर की भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर महिला उप निरीक्षक शिवानी मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी टोल फ्री नंबर की जानकारी भी वहां मौजूद लोगों से साझा की उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा नारी उत्पीड़न को समाप्त करना है जिसके लिए सरकार हर स्तर से प्रयास कर रही है जिसमे जन जागरूकता बहुत आवश्यक है।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। सांसद, संसदीय क्षेत्र अमेठी/ सह-अध्यक्ष ''दिशा'' समिति किशोरी लाल जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। सांसद ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय निराश्रित पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल), प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अवस्थापना सम्बन्धी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्जा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल प्रबन्धन कार्यक्रम, सुकन्या मंगला योजना,एक जिला एक उत्पाद, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, खेलो इंडिया, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जनपद में बन रहे बाईपास सड़कों पर भी चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण एवं पुनरूद्धार प्राथमिकता से कराया जायें।

### बेमौसम बारिश व आंधी तूफान के चलते करीब 28 गांव अंधेरे में डूबे

रायबरेली। बेमौसम बारिश व आंधी तूफान के चलते शनिवार शाम को 33 केवी पावर हाउस ओसाह , चंदापुर और महराजगंज से जुड़े करीब 28 गांव अंधेरे में डूबे रहे। कुछ गांवों में 18 घंटे बाद रविवार शाम को विद्युत सप्लाई शुरू हुई। वही कुछ गांवों में सोमवार को भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई। विद्युतकर्मियों को तार बदलने या जोड़ने में मशक्कत करनी पड़ी। जिसमे महराजगंज पावरहाउस के पूरे पलटगीर में एक पोल, ओसाह के भटसरा में दो पोल, चंदापुर के सिकंदरपुर में दो विद्युत पोल टूटे मिले। लाइन मरम्मत का काम सोमवार शाम तक जारी रहा है। ऐसे में क्षेत्र के सिकंदरपुर, महाबलगंज, घटोरवा, दुबे का बाजार, पूरे हनुमंत सिंह, रामकोला, ओसाह , हलोर, कपूरपुर ,मांझगांव, मनकीपुर, जमुरांवा, पूरे भीखा, कमालपुर आवांडीह समेत करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति 72 घंटे तक बाधित रही।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **28.04.2026** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | **00322026 दिनांक: 04.04.2026** | | |
| निविदा संख्या | 02-Sr-DEN-C-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन में, 60/52 Kg रेलों की लूप लाइनों को SWR/LWR में बदलने के लिए, 'रेल-कम-रोड मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट' का उपयोग करके, मौके पर ही या 'सेस' (cess) पर 'फ्लैश बट वेल्डिंग' का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 25,81,59,102.53 | धरोहर राशि | ₹ 51,63,200.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.04.2026 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.04.2026, 15:00 बजे |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1128/2026

# जिलाधिकारी ने पीसीएफ संस्था के गेहूँ क्रय केंद्र बी. पैक्स मलौली का किया निरीक्षण

❐ सभी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक संचालित रहेंगे: जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



लखनऊ। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद लखनऊ के अंतर्गत कुल 43 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित है। जिलाधिकारी लखनऊ, विशाख जी द्वारा आज जनपद में संचालित पीसीएफ संस्था के गेहूँ क्रय केंद्र बी0 पैक्स मलौली का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी उपस्थित पाए गए। केंद्र पर किसानों के बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध थी। साथ ही नमी मापक यंत्र सहित गेहूँ क्रय से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। केंद्र पर स्थापित इलेक्ट्रॉनिक कांटा सत्यापित पाया गया। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत केंद्र पर 02 गांठ बोरे (1000 बोरे) की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में जनपद में कुल 170.00 कुंतल गेहूँ की खरीद की गई है। विगत वर्ष बी0 पैक्स मलौली केंद्र पर 22 किसानों से 541.00 कुंतल गेहूँ क्रय किया गया था। केंद्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह से गेहूँ की आवक में तेजी आने की संभावना है।

विगत रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जनपद में 1116 किसानों से कुल 32538.24 कुंतल गेहूँ की खरीद की गई थी। जनपद में गेहूँ क्रय योजना दिनांक 30 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 15 जून 2026 तक संचालित होगी। कुल 43 गेहूँ क्रय केंद्रों के माध्यम से किसानों से गेहूँ की खरीद की जाएगी। सभी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक संचालित रहेंगे।

## 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ। थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, किशोरी 4 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10 बजे घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी। बाद में परिजनों को शक है कि रोहित नाम के एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। परिवार ने थाने में तहरीर देकर किशोरी की सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश के लिये कई टीमे लगाई गई है। टीमों ने अपना काम भी शुरू कर दिया है शीघ्र ही इनकी जानकारी प्राप्त होगी।

# बिना नोटिस एलडीए की कार्रवाई से हड़कंप, ग्रामीणों के विरोध पर रुकी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

चिनहट, लखनऊ । चिनहट क्षेत्र के बबुरिहा गांव में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम बिना किसी पूर्व सूचना के किसानों के घरों पर कार्रवाई करने पहुंच गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से गांव में दहशत का माहौल बन गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि इंजीनियर राहुल विश्वकर्मा की निगरानी में पहुंची टीम ने किसानों के निजी खेतों में बने मकानों को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान पीड़ित राजकुमार, विमल कुमार और सुमित्रा के घरों को निशाना बनाया गया। मकान गिराए जाने से परिवार के लोग, खासकर बच्चे, बेहद परेशान और भयभीत हो गए।बताया जा रहा है कि जैसे ही सुमित्रा को अपने घर पर हो रही कार्रवाई की जानकारी मिली, वह तुरंत मौके पर पहुंचीं और विरोध जताने लगीं। हालांकि, मौके पर मौजूद टीम ने उनकी बात नहीं सुनी और कार्रवाई जारी रखी।घटना की सूचना मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया और कई ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की। बढ़ते विरोध और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए खक्क की टीम को आखिरकार अपनी कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी और दल-बल के साथ वापस लौटना पड़ा।ग्रामीणों ने बिना नोटिस इस तरह की कार्रवाई को गलत बताते हुए प्रशासन से न्याय की मांग की है।

# शिक्षा को बोझ नहीं, अधिकार बनाएं: एनसीईआरटी अनिवार्य व मनमानी फीस पर रोक की मांग

❐ री-एडमिशन शुल्क समाप्त करने, कोर्स स्थिर रखने व ड्रेस-पुस्तक खरीद में स्वतंत्रता की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ । शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते आर्थिक बोझ के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान मजदूर जन सेवा यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील बख्शी का तालाब पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने NCERT/SCERT की पुस्तकों को सभी स्कूलों में अनिवार्य करने, मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाने तथा अभिभावकों को राहत देने की मांग उठाई। यूनियन के प्रदेश प्रभारी चन्द्रपाल यादव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा बच्चों का अधिकार है, लेकिन निजी स्कूलों की मनमानी के कारण यह अभिभावकों के लिए आर्थिक बोझ बनती जा रही है। कई विद्यालय निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करते हैं, जिस पर रोक लगाई जानी चाहिए और सभी स्कूलों में केवल गएक्ट्ठ/ट्टएक्ट्ठ की स्वीकृत पुस्तकें ही लागू की जाएं।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि हर वर्ष पाठ्यक्रम और पुस्तकें बदलने से अभिभावकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए ट्टएक्ट्ठ द्वारा एक स्थिर एकेडमिक कैलेंडर घोषित किया जाए और बार-बार कोर्स बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।संगठन ने मांग की कि प्रत्येक सत्र में री-एडमिशन (पुनः प्रवेश) के नाम पर ली जाने वाली फीस को तत्काल बंद कराया जाए तथा पूर्व में वसूली गई फीस वापस कराई जाए। इसके अलावा गतिविधि शुल्क, विकास शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि के नाम पर ली जाने वाली अतिरिक्त व अघोषित फीसों पर रोक लगाने और सभी स्कूलों की फीस सूची सार्वजनिक करने की भी मांग की गई।ज्ञापन में यह भी मांग उठाई गई कि स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों से ही पुस्तकें और ड्रेस खरीदने की बाध्यता समाप्त की जाए, ताकि अभिभावक अपनी सुविधा और बजट के अनुसार कहीं से भी पुस्तक व ड्रेस खरीद सकें।अंत में उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया गया कि उक्त ज्ञापन को माननीय शिक्षा मंत्री को प्रेषित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए, जिससे अभिभावकों को राहत मिल सके।

# निगोहाँ में पुरानी रंजिश का खूनी खेल: ईंट-पत्थरों से भाई-बहन पर जानलेवा हमला

❐ दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गये जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निगोहाँ, लखनऊ। निगोहाँ थाना क्षेत्र के उतरावां गांव के मजरा पड़रिया में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने भाई-बहन पर जानलेवा हमला कर दिया। ईंट-पत्थर, डंडों और घूंसों से किए गए हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पीड़िता डॉली की तहरीर के अनुसार रविवार शाम पड़ोस में रहने वाले राम प्रताप, सुरेश, अतुल, सजीवन और राजपाल गाली-गलौज करते हुए घर पहुंचे और अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने ईंट-पत्थरों और डंडों से ताबड़तोड़ प्रहार किए। बीच-बचाव करने पहुंचे भाई सुधीर पाल और भाभी प्रमिला देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।? हमले में डॉली और सुधीर पाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल पीजीआई ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। ग्रामीणों के मुताबिक मुख्य आरोपी राम प्रताप लकड़ी का ठेकेदार है और क्षेत्र में उसकी दबंग छवि पहले से ही बनी हुई है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## निर्माणाधीन हॉस्टल से लाखों के बिजली तार चोरी

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसामऊ क्रॉसिंग स्थित एपेक्स हॉस्पिटल के पास निर्माणाधीन हॉस्टल से अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत वायरिंग के तार चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित जितेंद्र दीक्षित ने बताया कि वह उक्त स्थान पर हॉस्टल का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। रविवार की रात्रि अज्ञात चोर निर्माणाधीन हॉस्टल में घुस गए और वहां लगी विद्युत वायरिंग के कीमती तार चोरी कर ले गए।पीड़ित के अनुसार चोरी हुए विद्युत तारों की कीमत करीब 5 लाख रुपये है। सुबह जब मजदूर काम करने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।इस घटना से क्षेत्र में निर्माण स्थलों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## भाजपा महानगर उपाध्यक्ष जीडी शुक्ला के आवास पर संपन्न हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष जी डी शुक्ला के महानगर लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा का माल्यार्पण करके जीडी शुक्ला एवं सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने सहभागिता करके बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने जी डी शुक्ला को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद संतोष सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संजय चौधरी, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुधाकर त्रिपाठी, दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, श्रीमती सीता नेगी, दिगंत शुक्ला, पत्रकार नैमिष पांडेय के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर युवक की पिटाई, महिला से भी मारपीट , एफआईआर दर्ज

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के असली गढ़ी गांव में जमीन पर कब्जा करने के प्रयास का विरोध करना युवक को भारी पड़ गया। दबंग पड़ोसियों ने गाली-गलौज करते हुए युवक की लाठी-डंडों और लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी, जबकि बीच-बचाव करने पहुंची महिला को भी नहीं बख्शा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित बीरेंद्र उर्फ राबेश के अनुसार, गांव में उसकी खाली पड़ी जमीन पर रविवार शाम सुरेश सिंह अपने बेटों जितेंद्र और महेंद्र तथा पत्नी बिंदेश्वरी के साथ कूड़ा-करकट डालकर और गाय बांधकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची परिवार की महिला ज्ञानवती को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ज़ोन-2 में नियमों को खुली चुनौती, सील के बाद भी जारी अवैध निर्माण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** राजधानी में अवैध निर्माण पर रोक लगाने के दावे लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के ज़ोन-2 क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित एलडीए सेक्टर-एच में नेशनल फार्मेसी के सामने कथित रूप से अवैध निर्माण जारी है। जानकारी के अनुसार, इस निर्माण को एलडीए द्वारा पहले ही सील किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण गतिविधियां रुकने के बजाय जारी बताई जा रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर समय-समय पर निर्माण कार्य होते देखा गया है, जिससे नियमों की अनदेखी की आशंका और गहरी हो गई है। आरोप है कि संबंधित अवर अभियंता इस मामले में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते निर्माण को अप्रत्यक्ष रूप से छूट मिलती नजर आ रही है।हालांकि, इस मामले में अब तक कोई अधिकारी खुलकर सामने नहीं आया है। क्षेत्रीय निवासियों में इसको लेकर नाराज़गी है और उनका मानना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे मामलों को बढ़ावा मिल सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि एलडीए के उच्च अधिकारी इस प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या वास्तव में नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा, या फिर मामला यूं ही अनदेखा रह जाएगा।

# आंगनवाड़ी हेल्पर भर्ती में अनियमितता का आरोप, एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ पैसे लेकर चयन कराने व अपात्र अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर देने का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

बख्शी का तालाब, लखनऊ। आंगनवाड़ी हेल्पर भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर वार्ड संख्या 09 भैंसामऊ, नगर पंचायत गाजीपुर की एक अभ्यर्थी ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ता मीनू देवी ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2025-26 की आंगनवाड़ी हेल्पर भर्ती में पात्रता पूरी करने के बावजूद उनका चयन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार आवेदन करने और सभी शर्तें पूरी करने के बाद भी उन्हें नजरअंदाज किया गया।शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि स्थानीय स्तर पर मिलीभगत कर पैसे लेकर अपात्र अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर दिलवाए गए। आरोप है कि आंगनवाड़ी सहायिका व अन्य लोगों की संलिप्तता से साजिया नामक अभ्यर्थी को अनुचित तरीके से चयनित कराया गया।इसके अलावा एक अन्य आरोप में कहा गया है कि वर्तमान आंगनवाड़ी सहायिका द्वारा अपनी विवाहित पुत्री को नियमों के विरुद्ध ऑफर लेटर दिलवा दिया गया, जबकि चयन प्रक्रिया में स्थानीय एवं पात्र अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।पीड़िता ने एसडीएम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पात्र अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# मोहनलालगंज में फर्जी दस्तावेज से जमीन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

❐ ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीजीआई थाना क्षेत्र की वृंदावन योजना निवासी गुड्डी ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सुनील कुमार और उसके साथी सत्येंद्र कुमार रावत एडवोकेट ने सस्ती जमीन दिलाने का झांसा देकर उससे करीब चार लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने भरोसा दिलाया था कि कम कीमत में जमीन का बैनामा कराकर कब्जा दिला दिया जाएगा। पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने उससे 2.47 लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर कराए, जबकि बाकी रकम नकद ली गई। पैसे लेने के बावजूद न तो जमीन का बैनामा कराया गया और न ही कब्जा दिलाया गया। जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनलालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सालिकराम निवासी अहमदपुर, नगराम को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गिरोह फर्जी कागजात तैयार कर लोगों को सस्ती जमीन का लालच देकर ठगी करता था। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।पुलिस का कहना है कि इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# नगर निगम का सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई क्षेत्रों में कार्रवाई

❐ जोन 6 और जोन 7 में बड़ी कार्रवाई, ठेले-दुकानें हटाईं, सामान जब्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को सघन एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया।

अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है।

जोन 6 के अंतर्गत जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में मल्लाही टोला प्रथम एवं बालागंज क्षेत्र में अभियान चलाया गया। ठाकुरगंज चौराहे से लेकर मंजू टंडन ढाल एवं प्रेरणा स्थल पार्क के आसपास तक अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया।इस दौरान 40 ठेले, 10 काउंटर और 30 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही 2 तराजू, 3 टायर, 9 प्लास्टिक स्टूल एवं 1 लोहे का काउंटर समेत अन्य सामान जब्त किया गया। अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण न करें। इस कार्रवाई में कर अधीक्षक श्री विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव एवं 296 टीम मौजूद रही। जोन 7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में भी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान मुंशीपुलिया शौचालय के आसपास तथा नालियों, नालों एवं सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।कार्रवाई के दौरान 2 मेज, 2 ठेलिया, 2 तराजू एवं 2 छाते जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त 3 लोहे के काउंटर, 4 ठेले, 2 ठेलिया एवं 2 गुमटियों को हटाया गया। अभियान के दौरान कर अधीक्षक विनय मौर्य, ईटीएफ टीम एवं 296 टीम उपस्थित रही।

# भाजपा के मूल में राष्ट्रप्रथम और 'अंत्योदय': डॉ. राजेश्वर सिंह

❐ अंत्योदय से राष्ट्रोदय तक—भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर सेवा और सुशासन का संकल्प

❐ भाजपा स्थापना दिवस: डॉ. राजेश्वर सिंह ने गिनाए 47 वर्षों के ऐतिहासिक योगदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सरोजनी नगर दक्षिण-2 (मुराइन खेड़ा, बंगला बाजार) स्थित मंडल कार्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।


इस अवसर पर मंडल कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया गया तथा संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथमक्क की विचारधारा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पार्टी की 47 वर्षों की गौरवशाली यात्रा केवल नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक वैचारिक धारा है जिसने भारत की दिशा और दशा दोनों को बदलने का कार्य किया है।उन्होंने कहा, क्लराजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं होती—यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प होती है।

डॉ. सिंह ने भाजपा के प्रमुख ऐतिहासिक योगदानों का उल्लेख करते हुए कहा कि—मजबूत और निर्णायक नेतृत्वःअटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35(इ) का हटना, तीन तलाक कानून तथा सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसे निर्णयों ने भारत को सशक्त और निर्णायक राष्ट्र बनाया। आर्थिक परिवर्तनः जीएसटी के माध्यम से 'वन नेशन, वन टैक्स', ठ्फ्क के जरिए डिजिटल क्रांति और बढ़ते विदेशी निवेश ने भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित किया है।

अभूतपूर्व इंफ्रास्ट्रक्चर विकासःराष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, आधुनिक एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डों का निर्माण देश की प्रगति को नई गति दे रहा है।गरीब कल्याण और सामाजिक समावेशनः प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है—यही अंत्योदय का सच्चा स्वरूप है। वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठाःक्क20 की सफल अध्यक्षता, 'वैक्सीन मैत्री', अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'ग्लोबल साउथ' की आवाज के रूप में भारत की भूमिका ने देश की वैश्विक पहचान को सशक्त किया है।उन्होंने कहा कि आज का भारत आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण संगठन की मजबूत जड़ों और सेवा भाव की व्यापकता को दर्शाता है। यही ऊर्जा भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाती है।इस अवसर पर विनोद मौर्य (मंडल अध्यक्ष, सरोजनी नगर दक्षिण द्वितीय), उमेश तिवारी, गंगा राम अम्बेडकर, रमाशंकर त्रिपाठी, श्याम जी, कर्नल दया शंकर दुबे, सत्यम शुक्ला, के. एन. सिंह (पार्षद), कमलेश सिंह जी (पार्षद), हिमांशु अम्बेडकर (पार्षद), शिव प्रकाश मिश्रा, नेहा सिंह (पार्षद), अतुल टंडन, मनीष शुक्ला एवं नागेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त मंडल पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आह्वान किया कि स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर 'राष्ट्र प्रथम, सेवा सर्वोपरि' के मंत्र को अपनाते हुए भारत को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें तथा सेवा, समर्पण और सुशासन के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहें।

# कांग्रेस ने घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर डीएसओ को दिया ज्ञापन

❐ केबाईसी के नाम पर हो रही अवैध धनउगाही पर तत्काल रोक लगाई जाए



कैनविज टाइम्स संवाददात

शाहजहांपुर । गैस सिलेंडर को लेकर हो रही तमाम समस्याओं के संबंध में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में जिला पूर्ति निरीक्षक को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में कहा गया कि गैस सिलेंडर वितरण प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी बनाया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी की जाए।

केबाईसी के नाम पर हो रही अवैध धनउगाही पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषी एजेंसियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया जाए कि वे निर्धारित समय सीमा में उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराएं। जिन परिवारों में विवाह, सामाजिक या अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गैस सिलेंडर से संबंधित सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाए तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित उपयोग हेतु जागरूक किया जाए। उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान हेतु हेल्पलाइन एवं शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए। गांवों से शहर आकर जो बच्चे पढ़ाई के लिए किराए पर कमरा लेकर रह रहे हैं और खुद ही खाना बनाते हैं। उन्हें छोटे सिलेंडर भरवाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर पीसीसी सदस्य तनवीर सफदर, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, फुरकान अहमद कुरैशी, महासचिव गौरव त्रिपाठी, बीएन सिंह यादव एडवोकेट, रामजी अवस्थी, संजय सक्सेना, आशीष सिंह, ओमपाल, कमल किशोर, सलमान, कुलदीप गुप्ता, फरमान, परवेज, अजय पाठक, अच्छन खान, प्रो. जाने आलम, आशीष तिवारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, पूनम पांडेय, सईद अंसारी, अरुणोद मिश्रा, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, नितिन तिवारी आदि कई लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक में निष्क्रीय पदाधिकारियों को पदमुक्त करने का निर्णय

शाहजहांपुर। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में निष्क्रीय पदाधिकारियों को पदमुक्त करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने अब तक हुए आंदोलनों और कार्यक्रमों को लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि मासिक बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों और सदस्यों की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित अन्य कमेटियों में बदलाव किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया और सक्रिय कार्यकर्ताओं को बढ़ावा देने तथा निष्क्रिय पदाधिकारियों को पदमुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी ने किया। इस दौरान तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा नेताओं ने किया दीपदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । भारतीय जनता पार्टी अपने 46वें स्थापना दिवस को संपूर्ण देश में हर्षोल्लास के साथ मना रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अटल चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा, विकास भवन स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व वित्त मंत्री राजेंद्र गुप्ता की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं दीपदान किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है, जिसे पूरे देश में नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शीर्ष नेतृत्व हर्ष और उल्लास के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों की कठोर तपस्या के फलस्वरूप आज हम शासन सत्ता में रहकर भारत माता का गौरव बढ़ा रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पार्टी के महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर भारत माता के गौरव को संपूर्ण विश्व में स्थापित कर रहे हैं।जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनपद के सभी 3844 बूथों, 40 मंडलों एवं 551 शक्ति केंद्रों पर पार्टी का ध्वज फहराकर, साज-सज्जा कर तथा वरिष्ठजनों का सम्मान कर स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, विपुल प्रताप सिंह, पटेल रेखा वर्मा, सुधाकर शुक्ला, विश्राम सागर राठौर, जया सिंह, महेश शर्मा, नैमिष रत्न तिवारी, सचिन मिश्रा, महेंद्र वर्मा, कामेश शुक्ला, आकाश अग्रवाल, सावित्री चौधरी, अनूप विश्वकर्मा, अमन विक्रम सिंह, अमित दीक्षित, गोविंद भारती, राहुल जायसवाल, राम प्रताप सिंह, नीरज अवस्थी, देवांश भदौरिया, कमल मेहरोत्रा, संतोष शुक्ला, सुधांशु त्रिवेदी, ऋषभ चंद्र त्रिवेदी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को बाराबंकी में किया गया सम्मानित

❐ दिव्योत्सव कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे कमलेश मौर्य मृदु दिव्यांगम चैनल के संस्थापक विष्णु कांत मिश्र का हुआ सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। बाराबंकी के शिवराम सिंह इंटर कालेज में आयोजित दिव्योत्सव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में जनपद के लब्धप्रतिष्ठ कवि, राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को मुख्य अतिथि के नाते सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगम चैनल के संस्थापक एवं विकलांग साथी ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष कविवर विष्णु कंात मिश्रा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।इस ऐतिहासिक कवि सम्मेलन में खुर्जा बुलन्द शहर, गाजियाबाद झांसी, उन्नाव, बलराम पुर, बहराइच, सीतापुर, लखनऊ बाराबंकी ,आजमगढ़ , दिल्ली, बिहार से पधारे 48 कवि एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। मुख्यरूप से अंतरराष्ट्रीय कवि गजेंद्र सिंह प्रियांशु, रामकिशोर तिवारी , डा अंबरीष अंबर की उपस्थिति उल्लेखनीय है। कवि सम्मेलन का संचालन संजय शर्मा व किरन भारद्वाज ने किया। सह संयोजक श्रीमती सुधा सिंह व संरक्षक मगन बिहारी ने अतिथियों का स्वागत किया। काव्यपाठ करने वाले कवियों में विजय तन्हा , डा श्रीमती रेनू सिंह, संजीव मिश्र, अयोध्या प्रसाद सुमन, हिना कैशर, प्रगति बाजपेई, डा अशोक गुलशन, अमित श्रीवास्तव, साहब सरन वर्मा आदि के नाम प्रमुख हैं। कमलेश मौर्य मृदु की आशु कविताएं सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गये, उनके मुक्तक व गीत की खूब सराहना हुई अब तो कथनी और करनी में न किंचित सन्तुलन है।भाषणों में अमृत झरता विष भरा अंतःकरण है।हो गये हैं आचरण शो-पीस से कृत्रिम हमारे।हो जरुरत तो सजा लो फिर पैक कर रख दो किनारे।।रामकिशोर तिवारी जी के हिंदी पर सवैया छंद और गजेन्द्र प्रियांशु का गीत '' राजा के दिन रानी के दिन'' सुनकर सभी झूम उठे। डा रेनू सिंह की महाराणा प्रताप को समर्पित रचना खूब सराही गई। संजय शर्मा का लोकगीत '' मैया पुतवा बोलाई तब आवै का परी'' सबको बहुत भाया। अयोध्या प्रसाद सुमन का लोकगीत '' इनका मारेउ ना बिटिया नयन की पुतरी।'' सुनकर लोगों की आंखें गीली हो गई। सभी कवियों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान जन-गण-मन से हुआ।

### मोहित दीक्षित बने जनता दल सेक्युलर के जिलाध्यक्ष



सीतापुर । उत्तरप्रदेश जनता दल सेक्युलर प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह जी के द्वारा सीतापुर जिलाध्यक्ष (JDS) के पद पर मोहित दीक्षित जी को नियुक्ति किया गया जिसके मौके पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश कार्यालय पर धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी , राजेंद्र सिंह रावत प्रदेश महासचिव राकेश शुक्ला,वीरेंद्र पटेल युवा प्रदेश सचिव राजेश श्रीवास्तवरमाकांत कुशवाहा प्रमुख लोग प्रदेश कार्यालय पर उपस्थित रहे एवं मुझे मोहित दीक्षित जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्षव्यक्त कर शुभकामनाएं दी।

# नगर पालिका कार्यालय में हुआ नामित सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

❐ शपथ ग्रहण करने वाले नामित सदस्यगण में सिंधु गुप्ता, मुस्कान वाल्मीकि, राजेश मिश्रा, बलराम पाण्डेय एवं कुलदीप जायसवाल शामिल रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर में शासन द्वारा नामित सदस्यगण का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर, सीतापुर श्रीमती धामिनी एम दास द्वारा नामित सदस्यगण को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण करने वाले नामित सदस्यगण में सिंधु गुप्ता, मुस्कान वाल्मीकि, श्री राजेश मिश्रा, बलराम पाण्डेय एवं कुलदीप जायसवाल शामिल रहे। इस अवसर पर उ0प्र0 पी0सी0एस0 परीक्षा उत्तीर्ण कर खण्ड विकास अधिकारी के पद चयनित आलोक तिवारी का अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रेम शंकर गुप्ता अधिशसी अधिकारी, मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व सभासदगण हबीब, राकेश चन्द्र, शकील अहमद, मो0 जावेद, व नगर के सम्भ्रांत नागरिक के साथ नगर पालिका के कर्मचारी नदीम आलम, प्रदीप कुमार, मो0 रिज़वान, श्री अनुज कुमार, तौफीक अहमदए सुमेन्द्र मिश्रा (गोलू), राम कुमार शैलेन्द्र कुमार, धीरज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित जनों ने नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# डीएम ने पोस्टमार्टम हाउस का किया निरीक्षण

❐ 15 दिन के अंदर मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंध करने के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाताढ

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया और छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधाओं का 15 दिन के अंदर समुचित प्रबंध करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पेयजल स्थल पर स्पष्ट सूचना अंकित कराने, पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने तथा परिसर में टाइल्स लगवाने, पोस्टमार्टम हाउस परिसर में बैठने के लिए शेड निर्माण और कुर्सियों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। कहा कि यहां आने वाले लोग पहले से ही दुखी होते हैं, इसलिए उनके लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कहा कि छाया, पेयजल, बैठने की सुविधा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस में शवों के सुरक्षित संरक्षण के लिए फ्रीजर की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एसीएमओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में चली गोली, प्रशासन अलर्ट : डीएम-एसपी ने मौके से अस्पताल तक संभाली कमान

❐ घायल अधिवक्ता लखनऊ रेफर, एएलएस एंबुलेंस से कराया रवाना; जांच तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पारिवारिक विवाद में अधिवक्ता द्वारा अपने ही निकटतम संबंधी को गोली मारने की घटना से सोमवार को जिले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमा हरकत में आ गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम एवं सीओ सिटी विवेक तिवारी भी मौजूद रहे। डीएम-एसपी ने प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और पुलिस टीम को निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अधिकारी जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचीं, जहां घायल अधिवक्ता का इलाज चल रहा था। डीएम ने चिकित्सकों से उपचार की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सीएमएस डॉ.आरके कोली ने बताया कि घायल को सीने के निचले हिस्से में गोली लगी है और हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। डीएम-एसपी ने अपनी मौजूदगी में एएलएस एंबुलेंस के जरिए घायल को लखनऊ रवाना कराया और बेहतर उपचार

### लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश, आरोपी की तलाश में टीमें गठित

प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि घटना के प्रत्येक पहलू की गहन जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय ददऊ के सहायक अध्यापक निलम्बित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ शिक्षा विभाग व बीएसए की छवि धूमिल करने तथा शासकीय कार्यों में बाधा डालने का आरोप

शाहजहांपुर। विकास खण्ड भावलखेड़ा के सहायक अध्यापक विनीत कुमार गंगवार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। उन पर आरोप है कि बीती 31 जनवरी को बीएसए दिव्या गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय ददऊ विकास खण्ड भावलखेड़ा का औचक निरीक्षण किया था।

इस दौरान बीएसए की बिना अनुमति के सहायक अध्यापक विनीत गंगवार उनकी गोपनीय रूप से मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। बीएसए ने उन्हें मना किया, तो विनीत ने बीएसए और उनके सहयोगी स्टॉफ से अभद्रता की। यही नहीं, उन्होंने बीएसए से कहा कि आप उनके विद्यालय का निरीक्षण करने वाली कौन अधिकारी होती हैं। बीएसए का आरोप है कि ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हुए विनीत ने निरीक्षण में बाधा उत्पन्न की। साथ ही विनीत ने बीएसए पर निरीक्षण के तथ्यों को छुपाकर उन पर धनराशि की मांग किए जाने के आरोप लगाए। बीएसए ने बताया कि उन्होंने विनीत गंगवार से धनराशि की मांग किए जाने के साक्ष्यों तथा उनके द्वारा लगाए गए तथ्यों के साक्ष्यों को उपलब्ध कराने के लिए 18 फरवरी को स्पष्टीकरण भेजा। जिसका समयावधि बीत जाने के बाद उन्होंने स्पष्टीकरण का जबाव नहीं दिया। कहा गया कि इससे स्पष्ट होता है कि विनीत गंगवार ने शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करने एवं विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए विभागीय छवि को धूमिल किये जाने का कृत्य किया है। इसके अलावा विद्यालय निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित छात्रों से विनीत गंगवार सहायक अध्यापक द्वारा किए जा रहे शिक्षण कार्यों की जानकारी ली गई, तो छात्रों ने बताया कि अध्यापक विनीत गंगवार कक्षा में शिक्षण कार्य नहीं कराते हैं, बल्कि पूरे दिन मोबाईल फोन चलाते रहते हैं। इसके अलावा विनीत गंगवार के द्वारा विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट की जा रही है। फिलहाल, विनीत गंगवार द्वारा विभागीय छवि को धूमिल करने तथा शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पद की गरिमा को तार-तार किए जाने एवं विभागीय कार्रवाई से अन्य गम्भीर आरोपों को लेका तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

### ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिगवां के प्रधान की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत

रायबरेली। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिगवां के प्रधान की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत। बीते मार्च माह में ग्राम प्रधान आशा देवी निर्मल को उनके घर के सामने ही एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। जिसके बाद उनके पति हरिश्चंद्र इलाज के लिए जिला अस्पताल रायबरेली ले गए। राहत न मिलने पर बाराबंकी के एक अस्पताल ले गए जहां उनकी दवाएं चल रही थी। चार अप्रैल शनिवार को अचानक ग्राम प्रधान आशा देवी की हालत गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजनों उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले गए। सोमवार सुबह मेडिकल कालेज में ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रधान के निधन की खबर गांव पहुंची तो ग्राम पंचायत में मायूसी छा गई।

# महापौर ने मोहल्ला ख्वाजा फिरोज का किया निरीक्षण, मिली अव्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । महापौर अर्चना वर्मा ने आज प्रातः काल वार्ड संख्या 24, मोहल्ला ख्वाजा फिरोज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें क्षेत्र में तमाम अव्यवस्थाएं मिली। जिसको लेकर उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र दिया है। जिसमें कहा गया कि मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में कई जगह नालियां चोक हैं, सड़क पर पानी बह रहा है।

कई स्थानों पर रोड पर कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे गंदगी व्याप्त है और आवागमन बाधित हो रहा है। कई स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है तथा आधा दर्जन हैंडपंप खराब पड़े हैं। पक्का पुल स्थित शौचालय बंद पड़ा है तथा उसके पास डंपिंग ग्राउड बना दिया गया है। कई स्थानों पर नाला-नालियों पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। ग्रीन वैली स्कूल से हनुमत धाम मार्ग पर बड़े नाले पर स्लैब डालकर कब्जा किया गया है। नगर निगम द्वारा निर्मित गौशाला तक जाने के लिए कच्चा मार्ग है, जिस पर खंडजा निर्माण कराया जाए। साथ ही गौशाला में पशुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। तत्काल पानी की व्यवस्था कराई जाए। गौशाला में गौवंश धूप में खड़े हैं। छायादार वृक्ष लगवाए जाएं। वार्ड में स्ट्रीट लाइट दिन के समय भी जलती पाई गई, जिन्हें दिन में बंद कराया जाए। हनुमत धाम पुल से ख्वाजा फिरोज मार्ग पर नगर निगम द्वारा निर्मित एक यूरिनल में गंदगी व्याप्त होने की शिकायत आम जनता द्वारा की गई। वार्ड में बड़े नालो की बाउन्ड्री न होने के कारण प्रायः लोग गिर जाते हैं, ऐसी स्थिति में नाले की बाउंड्री अथवा जगह- जगह पोल लगवाएं। इस दौरान क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।


### केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए सुगंधी और शगुन चयनित

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा सुगंधी और कक्षा 08 की छात्रा शगुन का चयन आवासीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश हेतु आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में हो गया है। आवासीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश हेतु खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 05 से 06 अप्रैल, 2026 में अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्यों हॉल), जनपद प्रयागराज में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 15 बालक/बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता, 2026 में सुगंधी और शगुन का चयन हो गया है।इस राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्ज़ापुर, विंध्याचल, आजमगढ़ आदि मंडलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अपने जनपद की सुगंधी ने बालिका वर्ग अंडर 15 एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में गोरखपुर मंडल की तनिष्क को 2-1 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में सुगंधी ने गोरखपुर मंडल की आरोही सिंह को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से पराजित कर बालिका एकल वर्ग के स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालिका वर्ग अंडर 15 युगल में तृतीय स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में अपने ही जनपद की सुगंधी और शगुन की जोड़ी ने कानपुर मंडल की सोनी और सृष्टि तिवारी की जोड़ी को भी एकतरफा मुकाबले में 2-0 से परास्त कर बालिका युगल वर्ग का कांस्य पदक भी अपने नाम किया।इस प्रकार अपने जनपद की दोनों होनहार खिलाड़ियों का चयन 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में जिसका आयोजन दिनांक 15 अप्रैल से 29 अप्रैल, 2026 तक अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्यों हॉल), जनपद प्रयागराज आयोजित किया जाएगा में हो गया है।सुगंधी और शगुन दोनों ही खिलाड़ी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी की मार्गदर्शन में बैडमिंटन का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं।दोनों ही खिलाड़ियों का केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में चयन होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह और जनपद के सभी खेल प्रेमियों ने बधाई तथा शुभकामनाएं प्रदान की।प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर पुरस्कार वितरण ओलंपियन और अर्जुन अवॉर्डी (बैडमिंटन खेल) अभिन्न श्याम गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद उरई, प्रयागराज आदि के उप क्रीड़ा अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### भीषण हादसा,भूसी लदा ट्रक पलटने से तीन लोगों की दबकर मौत

**बिसवां नगर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत बिसवा रेउसा मार्ग पर धामी सरांय मोड पर एक भूसी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे तीन लोग दबकर घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से तत्काल सीएचसी बिसवा लाया गया जहां उनकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसवा रेउसा मार्ग पर रविवार शाम एक भूसी लदा ट्रक (डंपर) अनियंत्रित होकर कई वाहनों पर गिर गया।जिसमे दो छोटे हाथी, बैटरी रिक्शा व अन्य वाहनों पर सवार लोग दुर्घटना का शिकार हो गए। मौके पर चालक की मौत हो गई है। उन दबे लोग निकल कर एंबुलेंस से तत्काल सीएचसी बिसवा लाया गया जहां अंकित यादव 16वर्ष पुत्र प्रमोद निवासी लालपुर कोठी थाना मानपुर तथा पुष्पेन्द्र यादव 18वर्ष पुत्र मन्नालाल निवासी लालपुर कोठी थाना मानपुर तथा साहिल पुत्र पप्पू निवासी सत्तिनपुरवा थाना बिसवा को एम्बुलेंस से सीएचसी बिसवा लाया गया जहां उपस्थित डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।तथा घटना के कारणों की जांच करने में जुट गई।

### सुप्रसिद्ध पिप्लेश्वर हनुमान मंदिर चुरुवा के बगल में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर स्थित चुरुवा हनुमान मंदिर के बगल में धार्मिक आस्था, सामाजिक समर्पण और सनातन परंपराओं की दिव्य छाया में क्षेत्रवासियों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण तब साकार हुआ, जब 22 मार्च 2026, रविवार के शुभ दिन से भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। एक वर्ष पूर्व विधिपूर्वक भूमिपूजन संपन्न होने के पश्चात अब मंदिर निर्माण की आधारशिला साकार रूप लेती दिखाई दे रही है। आपको बता दें कि, चुरुवा हनुमान मंदिर के समीप साढ़े नौ विश्वा भूमि का विधिवत बैनामा कराया गया, जिसमें से लगभग साढ़े चार विश्वा क्षेत्रफल में मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह केवल एक मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि धर्म, सेवा और संस्कारों का एक व्यापक केंद्र स्थापित करने का संकल्प है। प्रस्तावित श्रीराम मंदिर के साथ-साथ साधु-संतों के निवास हेतु विशेष कक्षों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही वृद्धजनों के लिए समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे वे शांति और आध्यात्मिक वातावरण में अपना जीवन व्यतीत कर सकें। बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चार से छह शिक्षकों की नियुक्ति का भी प्रावधान किया गया है, जो उन्हें संस्कारों की दीक्षा देंगे।मंदिर निर्माण के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत का संकल्प लिया गया है, और इसे पूर्ण होने में लगभग पांच वर्षों का समय अनुमानित है। इस पुण्य कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु ल्पिप्लेश्वर हनुमान मंदिर चुरुवाङ्क के नाम से एक ट्रस्ट का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत शासन के साथ-साथ आम जनमानस भी अपना योगदान देकर इस महायज्ञ में सहभागी बन सकता है।

# अभिभावकों का खुलेआम शोषण फीस-किताबों पर सरचार्ज की लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में प्राइवेट निजी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का जमकर शोषण हो रहा है।बच्चों की बेहतर पढ़ाई का बहाना बनाकर स्कूल प्रबंधन हर साल अनाप-शनाप फीस वसूल रहे हैं,नई-नई महंगी किताबें और कॉपियों का भा री बोझ लाद रहे हैं, भोज पिकनिक कार्यक्रमों के नाम पर अतिरिक्त रकम ऐंठ रहे हैं और लेट फीस पर भारी सरचार्ज लगाकर परिवारों को तनाव में डाल रहे हैं।विद्यालय तंत्र पूरी तरह हावी है और अभिभावक मजबूरी में चुपचाप भुगत रहे हैं।जिले में मध्यम वर्गीय परिवार प्राइवेट स्कूलों पर निर्भर हैं क्योंकि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता अक्सर स वालों के घेरे में रहती है।लेकिन यहां शिक्षा से ज्या दा कमाई का धंधा चल रहा है। अभिभावकों की शिकायत है कि सत्र शुरू होते ही फीस में दस से बीस प्रतिशत तक की मनमानी बढ़ोतरी कर दी जाती है।एडमिशन फीस,डेवलपमेंट चार्ज,एक्स्ट्रा एक्टिविटी फीस,स्मार्ट क्लास चार्ज आदि नामों पर अतिरिक्त वसूली आम बात है।

**महंगी किताबें और कॉपियों का बोझ**

सबसे बड़ी समस्या किताबों की है।हर साल स्कूल नई किताबें (अक्सर प्राइवेट पब्लिशर्स की महंगी सीरीज जैसे किताबें खरीदने को मजबूर करते हैं। पुरानी किताबें इस्तेमाल करने नहीं देते,भले ही सि लेबस में थोड़ा बदलाव हो।गोंडा में हाल ही में वाय रल मामले में प्राइवेट स्कूल की किताबों का सेट पांच हजार से लेकर बारह हजार तक पहुंच गया (कॉपी-पेन आदि अलग)जनपद में के कई स्कूलों में भी यही स्थिति है अभिभावकों को स्कूल द्वारा तय दुकानों से ही खरीदना पड़ता है,जहां कमीशन का सिलसिला चलता है।बाजार में सस्ती हृष्टश्वत्रह्र क्ष किताबें उपलब्ध होने के बावजूद स्कूल इन्हें मा न्य नहीं करते।एक बच्चे पर किताब-कॉपी का सा लाना खर्च आसानी से दस से बीस हजार रुपये त क पहुंच जाता है।

**भोज,कार्यक्रम और अन्य अतिरिक्त वसूली**

पढ़ाई के अलावा स्कूल भोज,एनुअल फंक्शन, पिकनिक,स्पोर्ट्स डे आदि के नाम पर अलग से हजारों रुपये वसूलते हैं।इन कार्यक्रमों की कोई पारदर्शिता नहीं होती, फिर भी अभिभावकों को चेक या कैश में पैसे जमा करने पड़ते हैं।कई स्कूल 'स्कूल इवेंट फीस' या 'एक्टिविटी चार्ज' के रूप में अतिरिक्त राशि लेते हैं।लेट फीस पर भारी सरचार्ज फीस जमा करने में एक दिन की देरी पर भी सैक ड़ों रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है।जनपद के बड़े स्कूलों में लेट फीस पर चार हजार फीस पर दो

सो तक सरचार्ज की शिकायतें आम हैं,इससे अभि भावक हमेशा तनाव में रहते हैं और समय पर फी स जमा करने के लिए मजबूर होते हैं।

**अभिभावकों की पीड़ा और प्रतिक्रिया**

मध्यम वर्गीय परिवार बताते हैं कि एक बच्चे की सालाना शिक्षा पर अस्सी हजार से 1.5 लाख रुप ये तक खर्च हो रहा है। बच्चे की पढ़ाई के नाम पर लूट है।किताबें महंगी, फीस बढ़ती जा रही है,फिर भी सुविधाएं उतनी नहीं बढ़रही,सरकार को सख्ती करनी चाहिए।जनपद के एक अभिभावक ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी लखनऊ के प्राइवेट स्कू लों की फीस और किताबों की महंगाई को लेकर काफी आक्रोश है।

**सरकार से अपील**

अभिभावकों की मांग है कि गोंडा जिले में प्राइवेट स्कूलों की फीस संरचना, किताबों की कीमतों और अतिरिक्त वसूली की जांच हो। किताबें बाजार दर पर खरीदने की आजादी दी जाए,अनावश्यक कार्य क्रमों पर रोक लगे और लेट फीस के नियम तर्कसं गत बनाए जाएं।यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षा मध्यम वर्ग के लिए महंगा सपना बन जा एगी।

# होम डिलीवरी की व्यवस्था फ़ेल, गोदामों पर उमड़ रही भीड़, लोगों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। जिला प्रशासन और जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देशों के बावजूद गैस एजेंसी संचालकों के ओर से मनमानी की जा रही है।हालात यह है कि बुकिंग और सब्सिडी आने के बावजूद उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर की आपू र्ति नहीं हो पा रही है।होम डिलीवरी की सुविधा कागजों तक सिमट गई है।उपभोक्ताओं को घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।गौरतलब है कि जिला पूर्ति अधिकारी ने एजेंसियों को गोदाम से वितरण बंद कर पुरानी व्यवस्था के तहत होम डि लीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।स्पष्ट कहा गया था कि पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर गैस सिलिंडर का वितरण हो और सुरक्षा के लिए पुलिस की मदद ली जाए,लेकिन हकीकत इसके उलट है।एजेंसियों की तरफ से अब भी होम डिलीवरी के बजाय गोदाम पर उपभोक्ता रसोई गै स के लिए लाइन लगा रहे हैं।गैस गोदामों पर हंगा मा,प्रदर्शन और सड़क जाम का सिलसिला भी शुरू हो गया है।उपभोक्ता एजेंसी संचालकों पर कालाबाजारी का भी आरोप लगा रहे




गैस की किल्लत दूर करने के लिए प्रशासन लगा तार जांच अभियान चलाकर दिक्कतों को दूर कर रहा है।जहां से भी शिकायत मिल रही है,वहां की जांच कर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्र वाई की जाएगी।

जिलापूर्ति अधिकारी गोंडा

हैं।गैस गो दामों पर हंगामा,प्रदर्शन और सड़क जाम का सिल सिला भी शुरू हो गया है।उपभोक्ता एजेंसी संचाल कों पर कालाबाजारी का भी आरोप लगा रहे हैं।

# तिलोई में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक नेताओं ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई के प्रांगण में शिक्षक संगठनों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से एक ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया और शिक्षकों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित किये जाने की बात कही गई है। ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई के प्रांगण में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,कामता प्रसाद दीक्षित एवं शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें बाल्य काल देखभाल अवकाश का समय से अग्रसारण करना एवं किताबों को विद्यालय तक पहुंचाने के साथ ही शिक्षा मित्रों के मानदेय बिल का समय से प्रेषण और एरियर बिलों का समय से अग्रसरण करने की बात कही गई है। इसके अलावा शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारियों की प्रत्येक महीने बैठक की तिथि निर्धारित करने की बात सामने आई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के कश्यप ने शिक्षक नेताओं की मांगो को एक सप्ताह में निस्तारित करने की बात कही है और कई मांगो को निस्तारित भी कर दिया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के कश्यप ने कहा कि विद्यालय में पठन पाठन में हीलाहवाली और लेटलतीफी कतई नही चलेगी और विद्यालयों का निरीक्षण पूर्व की भांति अनवरत जारी रहेगा। बैठक का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर संतोष कुमार तिवारी,कामता प्रसाद दीक्षित,प्रहलाद सिंह,विजय सिंह, नीरज, गिरिजेश प्रताप सिंह, ओंकार बक्स सिंह, पवन मिश्र, राम सिंह,संतोष शुक्ला,माधवेंद्र सिंह,विनोद सिंह,रमाकांत तिवारी,अश्वनी पाठक, गोविंद त्रिपाठी, राहुल अग्रवाल,अंकित मिश्रा, शुभम सिंह,राम अचल, अमर सिंह,आशीष खण्डेलवाल, हरिशंकर वाजपेयी, आलोक मिश्र, राजकुमार, अनुज मिश्र, विवेक जायसवाल, अज़मल सहित अन्य तमाम शिक्षक एवं शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# गोंडा में भ्रष्टाचार की सड़क, लाखों रुपये खर्च, बनते ही हो गया ऐसा हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । लाखो रुपये की लागत से बन रही छाछपारा संपर्क मार्ग चकसड़ गाँव से बरईपुरवा तक की ल गभग दो किलोमीटर लंबी सड़क बनते ही दम तोड़ रही है,सड़क जगह-जगह चादर की तरह उखड़ र ही है।उत्तर प्रदेश के गोंडा में लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार के भ्रष्टाचार से बनरही दो किलोमीटर सड़क बनते ही उखड़ रही है।एक दिन भी नहीं च ल पाई है,चकसड़ से बरईपुरवा तक बन रही सड़ क पर लगभग की 29 लाख की लागत आयी है, लेकिन बनते ही सड़क बुरी तरह उखड़ रही है।मा मला तूल पकड़ने के बाद भी पीडब्लूडी विभाग कुंभकर्णी की नींद में सो रहे है।जिस इलाके में यह सड़क बन रही है उस इलाके में कई सम्रांत व्यक्ति हैं,जब से सड़क निर्माण हो रहा है तब भी स्थानीय ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग और जिला प्रशासन

कोई एक्शन नहीं ले रहे है और ठेकेदार के द्वारा घटिहा निर्माण जारी रखा है।लिहाजा नई सड़क महज बनते ही खस्ताहाल हो रही है। पीडब्लूडी पर उठ रहे सवाल लगभग 29 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़ क छाछपारा संपर्क मार्ग चकसड़ गाँव से बरईपुर वा तक की लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क ब नते ही दम तोड़ रही है।सड़क जगह-जगह से उख ड़ रही है और कई हिस्से तो गड्ढों में तब्दील हो गए हैं हैरानी की बात यह है कि निर्माण के दौरान ही सड़क उखड़ने लगी है,स्थानीय लोगों ने इसका वि रोध कर रहे है,लेकिन अधिकारियों ने मानकों को ताक पर रखकर शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे है,नतीजा यह हुआ कि ठेकेदार के द्वारा सड़क बनते ही पूरी तरह जर्जर हो रही है।अब जब माम ला उजागर हुआ और सवाल उठने लगा लेकिन वि भाग कुंभकर्णी के नींद में सो रहा है।लेकिन बड़ा सवाल यही है कि इस घटिया निर्माण का जिम्मेदा र कौन है और कब तय होगी जवाबदेही.? इसको लेकर कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं दिख रहा है।

# फरियादियों से करें अच्छा व्यवहार : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । एसपी विनीत जायसवाल ने सोमवार को अपने कार्यालय में प्रत्येक दिन कि भांति जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।इसमें भूमि विवाद, मारपीट ,पारिवारिक विवाद,रुपये के लेन देन व महिलाओं आदि से संबंधित दर्जनों से अधि क शिकायतें आईं।एसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबं धित थाना प्रभारियों को भेज दिया।एसपी ने बता या कि सभी थाना प्रभारियों को थाना आने वाले फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने व शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के लिए निर्देशित किया।लापरवाही मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# भाजपा की स्थापना राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सशक्त भारत निर्माण के लिए हुई : सत्यपाल सिंह

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया।पार्टी मुख्यालय पर सांसद मुकेश राजपूत, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर भूदेव सिंह एवं पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत मिष्ठान वितरण हुआ एवं संगोष्ठी आयोजन के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। पार्टी जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पूर्व के पदाधिकारियों को भगवा गमछा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने संबोधन दिया। मुख्य वक्ता ने कहा 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए हुई। इसके पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे। राष्ट्र प्रथम और सेवा ही संगठन के मूल मंत्र के साथ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक राष्ट्रवादी संगठन का निर्माण किया गया। वर्तमान में पार्टी की केंद्र व प्रदेश में बहुमत की सरकार चल रही है। भाजपा का संगठन एक परिवार के रूप में कार्य करता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के प्रति निष्ठावान बनकर पार्टी को शिखर पर पहुंचने के लिए कार्य करना है। 1951 में जनसंघ की स्थापना के बाद देश में एक ऐसे राजनीतिक दल की आवश्यकता थी। इसी को ध्यान में रखते हुए 1980 में भाजपा के रूप में एक सर्वव्यापी, सर्व स्पर्शी संगठन का निर्माण किया गया। जिसकी विचारधारा राष्ट्रवाद से प्रेरित थी। देश को भ्रष्टाचार और आतंक से मुक्त करने का संकल्प लेकर पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी आगे बढ़े। भाजपा की अनविरत यात्रा में करोड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार तीसरी बार लगातार केंद्र की सत्ता पर काबिज हुई। सेवा और संकल्प के उसी विश्वास को दृढ़ संकल्पित होकर केंद्र की सरकार जन कल्याण की ऐतिहासिक यात्रा के रूप में आगे बढ़ रही है।

# सरयू नदी की सफाई वा घाट के सौंदर्यीकरण की हुई मांग

## झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट किए जाने की माँग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। माँ सरयू नदी पुनरोद्धार समिति के तत्वाधान में शहर की पौराणिक सरयू नदी की सफाई, घाट के सौंदर्यीकरण एवं झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट किए जाने की माँग को लेकर झिंगहाघाट स्थित सरयू नदी के तट पर सैकड़ों की संख्या में जिले के आम नागरिक मौजूद रहे। जिला संयोजक के नेतृत्व में सैकडों लोगों ने मां सरयू की आरती उतारी और उस पर जमा सिल्ट एवं सरयू नदी की साफ सफाई का कार्य संस्था के स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। जिला संयोजक धनञ्जय सिंह ने बताया कि इस स्थान पर विभिन्न पर्व एवं त्योहारों पर आयोजित मेले के दौरान तमाम हिन्दू धर्मावलंबियों का जमावड़ा होता है। कहा कि कुछ स्थानों पर घाट बने है जहां श्रद्धालु पर्वों पर स्नान करते हैं। विगत वर्षों से पवित्र सरयू नदी की साफ सफाई एवं निर्बाध जल बहाव हेतु कोई कार्य नहीं हुआ है तथा अनेक स्थानों पर इसमें मिलों एवं नगरों के गन्दे और दूषित जल के नालों के मुहाने खुले हुए हैं जिस कारण सरयू नदी पूरी तरह से दूषित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नदी के अधिकांश भाग सिल्ट,जलकुंभी आदि से पट गई है तथा सेवार इत्यादि आ गये हैं जिसके चलते नदी का बहाव निरन्तर नहीं होने से नदी नाले में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए समिति ने यह तय किया है कि सप्ताहवार स्वयंसेवक यहां की साफ-सफाई करेंगे और इस स्थान के पुनरोद्धार हेतु आन्दोलन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके निकट स्थित कृषि योग्य भूमि वर्षाकाल में जलमग्न रहती है एवं कृषकों की फसल की उपज गम्भीर रूप से प्रभावित होती है।

आयोजकों ने संकल्प लिया और शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की कि सरयू घाट में गिर रहे नालों के मुहाने पर जल शोधन यंत्र लगवाया जाए, जीवन दायिनी सरयू नदी की साफ सफाई एवं जल बहाव की निरंतरता हेतु नदी में जमे सिल्ट को हटाने का कार्य कराया जाए। इस अवसर पर समिति के संयोजक धनञ्जय सिंह एडवोकेट , आरएसएस के जिला प्रचारक अजय,अरविंद सेंगर, रामकिशोर गुप्ता ,आयुष जायसवाल, सूर्य प्रताप सिंह, हेमा निगम ,रंजीता वाल्मीकि,बेबी श्रीवास्तव,किरन मिश्रा, विपिन जिला प्रचार प्रमुख, चंद्रिका प्रसाद गुप्ता,पंकज केवट, सुनील पाल साइको की संख्या में समिति के सदस्य उपस्थितरहे।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हुआ भाजपा का संगठन : सांसद छत्रपाल गंगवार

बरेली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)का 47वां स्थापना दिवस रविवार को बरेली के सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय भवन को फूल-मालाओं से सजाया गया। परिसर में आकर्षक रंगोली बनाई गई और ध्वजारोहण भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थापना दिवस के मौके पर सांसद छत्रपाल गंगवार ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से लगातार मजबूत हुआ है।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि भाजपा की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम हर कार्यकर्ता को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## पुलिस ने लूट का खुलासा कर दो युवकों को भेजा जेल

अमेठी । थाना अमेठी पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत लूट का खुलासा करते हुये मोबाइल व मोटरसाइकिल की चाभी लूटकर भागने वाले दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से लूट का एक अदद मोबाइल व मोटरसाइकिल की चाभी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत सोमवार को थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल सवार शिवम शुक्ला पुत्र घनश्याम शुक्ला निवासी ग्राम खजुरी थाना व जनपद अमेठी एवं प्रज्वल प्रताप सिंह उर्फ पीयूष सिंह उर्फ नरसिंह निवासी ग्राम धमरांवा भगनपुर थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में शिवम शुक्ला के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस एवं प्रज्वल प्रताप सिंह के कब्जे से एक अदद मोटरसाइकिल की चाभी व एक अदद वीवो मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि हम दोनो लोग बीती दो अप्रैल को गुंगवाछ चौराहे के पास खड़े एक लड़के को तमंचे से डराकर उसकी मोटरसाइकिल की चाभी व उसका मोबाइल छीनकर भाग गये थे। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सके व युवकों द्वारा इसी मोटरसाइकिल को प्रयोग घटना में किया गया था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग उपर्युक्त में धाराओं की बढोत्तरी कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने एक सौ अठहत्तर खोये मोबाइल किया बरामद

अमेठी । सर्विलांस टीम जनपद अमेठी द्वारा खोये हुये विभिन्न कम्पनियों के एक सौ अठहत्तर अदद मोबाइल फोन बरामद करके उनके धारकों को सुपुर्द किया गया है जिनकी कुल कीमत पैंतालिस लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी सर्विलांस सेल के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह एवं स्वाट टीम प्रभारी अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास करके जनहित में एक सौ अठहत्तर खोये हुये विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। उक्त मोबाइल फ़ोन विभिन्न तिथियों में उनके मालिकों द्वारा खो दिये गये थे जिनकी कुल कीमत लगभग पैंतालिस लाख रूपये है। सोमवार को सभी मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किये जा रहें है। गुमशुदा मोबाइल फोन पाकर उनके स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार जताया है।


## पॉक्सो एक्ट मामले का आरोपित गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में रुद्रपुर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करते हुए कार्रवाई की है। अपर पुलिस अधीक्षक आनन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि थाना रुद्रपुर पर धारा 65(2) बीएनएस व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित नामजद आरोपित राधेश्याम उर्फ श्याम निवासी रुद्रपुर क्षेत्र को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी दिनेश कुमार, कांस्टेबल पवन चौधरी, कांस्टेबल सुमित राजभर रहें।

## राह चलते लोगों को नकली नोटों की गड्डी दिखाकर जेवरात ठगने वाले दो गिरफ्तार

नोएडा । उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में थाना फ़ेस-दो पुलिस ने दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश राह चलते लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें नकली नोटों की गड्डी दिखाकर उनसे जेवरात ठग लेते हैं। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शैव्या गोयल ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना फ़ेस दो पुलिस ने सोमवार को विशाल उर्फ नन्हें निवासी नागलोई दिल्ली (19) तथा करण सोलंकी (26) पुत्र सेवाराम सोलंकी निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है।

# पेंशन चालू कराने को लेकर डीएम से मिले ग्राम प्रधान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार लगातार अपनी ग्राम पंचायत के विकास के लिए उच्च अधिकारियों से मिलकर ग्रामीणों को लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने साथी ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर जिलाधिकारी से मिलकर वर्ष 2025-26 में बंगाली समाज के 60% लोगों की वृद्धा पेंशन रोक लगा दी गई है।बंगाली समाज के वृद्धावस्था पेंशन नगरिया खुर्द कला,नोज़लहा नकटाहा, महाराजपुर, पुरैना तालुके महाराजपुर में ऐसे तमाम लाभार्थी हैं। जो वृद्धावस्था पेंशन ले रहे थे। लेकिन अब समाज कल्याण विभाग ने उनकी पेंशन पर रोक लगा दी है।बंगाली समाज के लोग गरीब मजदूर है।मजदूर किस्म के लोग हैं जिनकी पेंशन सुचारू रूप से चलाया जाना जनहित में अति आवश्यक है।जिलाधिकारी से मिलने वालों में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार,राम प्रसाद राय, रामजीवन सरकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# द वॉयस ऑफ अवध की प्रथम विजेता हुईं कीर्ति चौरसिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में रविवार को सत्यधाम आश्रम के तत्वावधान में आयोजित 'द वॉयस ऑफ अवध' सिंगिंग प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में 12 प्रतिभागियों के बीच महा मुकाबला हुआ। जिसमें प्रथम विजेता कीर्ति चौरसिया हुईं जिन्हें सत्यधाम आश्रम द्वारा रु. पचास हजार तथा ट्रॉफी सर्टिफिकेट से द वॉयस ऑफ अवध का सम्मान दिया गया। वही द्वितीय विजेता शिवकुमार सूफी को रु. इक्कीस हजार एस एल होमियोफर्मा तथा तृतीय विजेता अनमोल चौधरी को ग्यारह हजार रुपए, एस राज ज्वेलर्स द्वारा प्रदान किया गया। ग्रैंड फिनाले में मुख्य जज 'द इंडिया वॉयस किड्स' की विजेता निष्ठा शर्मा, संगीतविद जे पी शर्मा और भोजपुरी संगीतकार आशीष वर्मा ने बारीकियों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष निर्णय दिया। निष्ठा शर्मा ने कहा कि सुल्तानपुर में पहली बार गायन प्रतियोगिता का महान मंच सजा जिसके लिए उन्होंने




आयोजक सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज जी को बधाई दिया। संगीतकार आशीष वर्मा ने जीते हुए सभी प्रतिभागियों एवं उनके परिवारिजन को बधाई दिया। कार्यक्रम में शहर एवं दूर दराज के विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। सत्यधाम द्वारा सोशल इन्फ्लूएंसर्स एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। सत्यधाम आश्रम द्वारा सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सरगम क्वीन निष्ठा को नाइटिंगेल ऑफ म्यूजिक अवार्ड से विभूषित भी किया गया।

कार्यक्रम का निर्देशन विनय पाण्डेय, सफल संचालन निष्ठा तिवारी ने किया। कार्यक्रम में श्रीप्रकाश जी (विभाग प्रचारक) आशीष जी (जिला प्रचारक) सुशील त्रिपाठी जिलाध्यक्ष बीजेपी, डॉ सुधाकर सिंह, नामचीन गीतकार कुंदन प्रीत, इंजी रूपेश सिंह बीजेपी नेता, डॉ अमित कौशल, फतेह नारायण सिंह, किन्नर प्रेमा बुआ, रामेंद्र सिंह राणा, डॉ अर्जुन, रणवीर सिंह, बृज कुमार भारती, क्रिएटर उत्कर्ष मौर्य, सचिन यादव, कृष्ण कुमार चौरसिया, बबलू गुप्ता, नंदलाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संग्रामपुर पुलिस ने गांजा कारोबारी को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक किलो दस ग्राम गांजा के साथ एक स्कूटी सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा द्वारा मुखबिर की सूचना पर स्कूटी संख्या यूपी 72 सीबी 5630 पर सवार गंगा प्रसाद वैश्य पुत्र राम चन्दर वैश्य निवासी ग्राम सहजीपुर थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से कुल एक किलो दस ग्राम गांजा बरामद हुआ है और स्कूटी के कागजात मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## जनगणना 2027 को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें शत-प्रतिशत सटीकता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिलाधिकारी/ प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय ने यह भी निर्देश दिए कि जनगणना के सम्बंध में जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को इसके महत्व के बारे में अवगत कराया जाए, जिससे लोग सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चार नई सड़कों के निर्माण के लिए शासन से पांच करोड़ मंजूर

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदर विधानसभा क्षेत्र को विकास की दिशा में एक बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्रीय भाजपा विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री महेश चंद गुप्ता के प्रयासों से शासन ने चार महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों के निर्माण के लिए पांच करोड़ की धनराशि मंजूर कर दी है। इन सड़कों के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है और जल्द ही कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। शासन स्तर से जारी आदेश के अनुसार राज्य सड़क निधि के अंतर्गत दराबनगर से कली मार्ग, ग्राम नई से फुलवाय, नवाबगंज गोटिया से सलननगर और कालिया से बगरपुर तक सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव राजेश प्रताप सिंह द्वारा प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत होने के बाद क्षेत्रीय जनता में खुशी का माहौल है। विधायक महेश चंद गुप्ता ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण के लिए शासन ने पांच करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसके लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए थे।

## छोटे कस्बों में साप्ताहिक बंदी पर उठे सवाल,व्यापारियों ने जताई नाराजगी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। छोटे कस्बों में साप्ताहिक बंदी लागू किए जाने को लेकर स्थानीय व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है पूरनपुर के व्यापारियों का कहना है कि पहले से ही मंदी की मार झेल रहे छोटे बाजारों पर इस तरह की बंदी थोपना उनके हित में नहीं है व्यापारियों का तर्क है कि जहां एक ओर छोटे दुकानदारों को सप्ताह में एक दिन दुकान बंद करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, वहीं बड़े मल्टी कॉम्प्लेक्स और रिटेल चेन जैसे द्व-ख्रथन्‍ ट्द्वष्ठथ्द्वद्य ख्रप्द, द्वद्मपद्धथद्य ख्द्रद्दथ ख्रथन्‍ और ट्द्वद्यद्बथद्बदद्द द्ददथन्‍ ध्दद्धद्ध पर इस नियम का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता इसके साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म भी 24 घंटे संचालित रहते हैं, जिससे छोटे व्यापारियों की प्रतिस्पर्धा और कठिन हो जाती है स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस तरह के नियमों से बाजार में असमानता की स्थिति पैदा होती है उनका सवाल है कि जब बड़े प्रतिष्ठान और ऑनलाइन कारोबार बिना किसी बाधा के चल रहे हैं, तो फिर साप्ताहिक बंदी का भार केवल छोटे दुकानदारों पर ही क्यों डाला जा रहा है व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि वे इस मुद्दे को प्रशासन के समक्ष उठाएंगे और मांग करेंगे कि या तो सभी पर समान रूप से नियम लागू किया जाए या छोटे कस्बों को इस व्यवस्था से राहत दी जाए व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे इस निर्णय के विरोध में आगे की रणनीति बना सकते हैं

## यूट्यूबर संजय यदुवंशी के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

सुल्तानपुर। जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र के निवासी यूट्यूबर संजय यदुवंशी के खिलाफ उपनिरीक्षक की तहरीर पर राष्ट्र गौरव अधिनियम की धारा 02 के तहत धम्मौर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। बता दे कि संजय यदुवंशी उर्फ सत्तू पुत्र सियाराम यादव निवासी अहिरन का पुरवा उघरपुर द्वारा यूट्यूब चैनल पर राष्ट्र ध्वज का अपमान करते हुए उससे मोटरसाइकिल पोंछ कर फेंकते हुए वीडियो अपलोड किया गया था।जिसका संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने यूट्यूबर संजय यदुवंशी सहित उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि उपनिरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू की गई है।प्रभारी निरीक्षक धम्मौर विपेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## सिलेंडर में आग लगने से घर का सामान जलकर राख, लाखो का नुकसान

पूरनपुर। मोहल्ला हबीबगंज गोटिया निवासी श्रीराम पुत्र नत्थूलाल के घर में खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने आसपास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय परिवार के लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

आसपास के लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर में रखा राशन, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने सोमवार सुबह 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने से लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। पीड़ित श्रीराम ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद करने की अपील की है।

# स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिये डोर टू डोर सम्पर्क में जुटे शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । नवीन शैक्षिक सत्र में नवीन नामांकन के लिये परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक डोर टू डोर सम्पर्क कर अभिभावकों को नामांकन के लिये प्रेरित कर रहे हैं और परिषदीय विद्यालयों की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत करा रहे हैं और स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर अभिभावकों को जागरुक करने में जुटे हुये हैं। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामपुर टेढ़ई स्थित कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय की अगुवाई में सोमवार को शिक्षक सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय,इन्द्र प्रकाश शर्मा, विकल्प



श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक घर घर जाकर अभिवावकों से सम्पर्क कर अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिये प्रेरित किया।प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय ने कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चों के पठन पाठन के लिये सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और पुस्तक ड्रेस जूता मोजा बैग के साथ ही विटामिन एवं कैलोरी युक्त पका पकाया भोजन परोसा जाता है। इसके अलावा सोमवार को मौसमी फल एवं बुधवार को गरमा गरम दूध भी वितरित किया जाता है। कैम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के शिक्षकों ने सोमवार को गांव टेढ़ई, पूरे कैथन सहित अन्य कई गांवों का भ्रमण कर अभिवावकों से सम्पर्क किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि चालू शैक्षिक सत्र में नवीन नामांकन के मामले में सिंहपुर विकास क्षेत्र जनपद में अपनी एक अलग पहचान बनायेगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अपील की है।

## युवक को सऊदी भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, एसपी से शिकायत

पूरनपुर।सऊदी अरब भेजने के नाम पर एक लाख 65 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां निवासी गुलाम हुसैन ने सोमवार दोपहर 12 बजे जानकारी देते हुए बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व वमनगर थाना संपूर्णानगर निवासी सलामत अली ने उसे सऊदी अरब भेजने का झांसा दिया। इस दौरान उसने 46 हजार रुपये ऑनलाइन, 69 हजार रुपये नकद और 50 हजार रुपये मेडिकल के नाम पर ले लिए। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी न तो पासपोर्ट दिया गया और न ही विदेश भेजा गया। पीड़ित का कहना है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल कर रहा है और धमकी भी दे रहा है। पीड़ित ने लखीमपुर खीरी एसपी से शिकायत कर कार्रवाई करने और रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

## जनगणना 2027 को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें शत-प्रतिशत सटीकता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिलाधिकारी/ प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय ने यह भी निर्देश दिए कि जनगणना के सम्बंध में जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को इसके महत्व के बारे में अवगत कराया जाए, जिससे लोग सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्यारह वर्षीय गुमशुदा बालिका की तलाश में जुटी पुलिस

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा के गांव जेहटा की ग्यारह वर्षीय बालिका अपने घर से साइकिल लेकर निकली थी जो कि वापस अपने घर नही लौटी है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन कोई सुराग नही लग सका तो पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया है। बालिका के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये गुमशुदगी दर्ज कर ली है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि बालिका की मां की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया गया है और बालिका की बरामदगी के लिये पुलिस टीम गठित की गई है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी

पत्रांक-मेमो/2026-27 दिनांक 06.04.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) /मनरेगा /राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त के अंतर्गत करायें जाने वाले कार्य आपूर्ति के लिए सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, खेल का मैदान, विद्यालय की बाउंड्री वॉल, सामुदायिक शौचालय, सीएचसी सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, बारात घर, खेल का मैदान, मनरेगा पार्क ओपन जिम,कायाकल्प,एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेंट प्रति बैग, 3. साधारण बालू/स्थानीय बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाईकर्मी कीट/पशु आहार/भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शो पीट, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक) आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यों पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2026 से 20.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफ़ाफ़े में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्र 2:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2026 व समय सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर**
**वि.खं. हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर**
**वि.खं. हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चौबीसी, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी

पत्रांक-मेमो/2026-27 दिनांक 06.04.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) /मनरेगा /राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त के अंतर्गत करायें जाने वाले कार्य आपूर्ति के लिए सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, खेल का मैदान, विद्यालय की बाउंड्री वॉल, सामुदायिक शौचालय, सीएचसी सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, बारात घर, खेल का मैदान, मनरेगा पार्क ओपन जिम,कायाकल्प,एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेंट प्रति बैग, 3. साधारण बालू/स्थानीय बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाईकर्मी कीट/पशु आहार/भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शो पीट, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक) आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यों पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2026 से 20.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफ़ाफ़े में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्र 2:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2026 व समय सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत चौबीसी**
**वि.खं. हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत चौबीसी**
**वि.खं. हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ओहरामऊ, विकास खण्ड-हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी

पत्रांक-मेमो/2026-27 दिनांक 06.04.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) /मनरेगा /राज्य वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त के अंतर्गत करायें जाने वाले कार्य आपूर्ति के लिए सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, खेल का मैदान, विद्यालय की बाउंड्री वॉल, सामुदायिक शौचालय, सीएचसी सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, बारात घर, खेल का मैदान, मनरेगा पार्क ओपन जिम,कायाकल्प,एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेंट प्रति बैग, 3. साधारण बालू/स्थानीय बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाईकर्मी कीट/पशु आहार/भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शो पीट, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक) आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यों पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2026 से 20.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफ़ाफ़े में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्र 2:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2026 व समय सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत ओहरामऊ**
**वि.खं. हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत ओहरामऊ**
**वि.खं. हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी**

## सम्पादकीय

# भ्रष्टाचार पर नकेल कस बालेन नई छवि बनाने की कोशिश में

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफ़ेदपोश अपराधियों के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ी हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी। यद्यपि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही, फिर भी इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाले जाने लाजिमी हैं। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव में भारत ने नेपाल को भारतीय 800 करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई थी। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के.पी. शर्मा ओली, रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व ऊर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पी.एम. प्रचंड और पूर्व पी.एम. बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। पूर्व पी.एम. शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे, अब उनके थाइलैंड में होने की चर्चा है, शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ नेपाली नेता भारत में छुपे हैं। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के बीच मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसायी की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट-खसूट करने वाले सफ़ेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसायी की जो पृष्ठभूमि सामने आई है वह काफी चौंकाने वाली है। यह कि नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक हैं। नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा के रहने वाले दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं। एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली गई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इनमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वह प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्तारूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी, जब वह नेपाली कांग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट ने अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली के लुटियंस जोन की तरह चच्चत राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं। पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने-बिगाडने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए, तब 2 अप्रैल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। सी.बी.आई. के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते ही नेपाल के सफ़ेदपोश अपराधियों में खलबली मच गई। दीपक भट्ट इस समय 'इन्फिनिटी होल्डिंग्स' नामक एक कंपनी का प्रमुख डायरैक्टर है।

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता

